>

Title: Need to pass Whistle Blower Proection Bill.

श्री भक्त चरण दास (कालाहांडी): महोदय, अकेले लोकपाल से भ्रष्टाचार नहीं मिटेगा। भ्रष्टाचार के सन्दर्भ में अगर वास्तव में हम सभी लोगों की एक राय है तो एक-दूसरे पर दोषारोपण करके कुछ नहीं होगा। ये जो बिल हैं, व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन बिल, यह देश के लिए भ्रष्टाचार मिटाने वालों के लिए, कम्प्लेंड करने वालों के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए इस बिल को पास करना जरूरी है। डिसेबिलिटी राइट और ग्रिवन्स रिड्रेसल जैसे बिल को पास करने की आवश्यकता है। इस देश में जो बिल पेंडिंग हैं, उन्हें पास करने की जरूरत है। महिलाओं के बिल के सन्दर्भ में अगर सदन में वास्तव में सब ऐसा चाहते हैं तो महिलाओं के बिल को भी पास करने की आवश्यकता है।